रक्षा सम्पदा संगठन
Defence Estates Organisation

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# रक्षा मंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2021

# Raksha Mantri's Awards for Excellence 2021

रक्षा सम्पदा महानिदेशालय
रक्षा मंत्रालय
**Directorate General of Defence Estates**
**Ministry of Defence**

# रक्षा मंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2021

**स्वच्छ छावनी - स्वस्थ छावनी**

- दिल्ली छावनी परिषद

**डिजिटल क्षेत्र में उपलब्धियाँ**

- रक्षा सम्पदा कार्यालय,दिल्ली मण्डल

**सार्वजनिक सेवाओं में नवीन प्रक्रिया**

- नैनीताल छावनी परिषद

**भूमि एवं अभिलेख प्रबंधन**

- रक्षा सम्पदा कार्यालय, पुणे मण्डल

**छावनी सामान्य अस्पतालों में सुधार**

- पुणे छावनी परिषद

**ई-छावनी परियोजना का कार्यान्वयन**

- कसौली छावनी परिषद

# Raksha Mantri's Awards for Excellence 2021

**Swachh Chhavni-Swasth Chhavni**

- Delhi Cantonment Board

**Digital Accomplishments (DEOs)**

- Delhi, DEO Circle

**Innovation in Public Services**

- Nainital Cantonment Board

**Land and Record Management**

- Pune, DEO Circle

**Improvement in Cantonment General Hospital**

- Pune Cantonment Board

**Implementation of eChhawani Project**

- Kasauli Cantonment Board

# स्वच्छ छावनी स्वस्थ छावनी – दिल्ली छावनी परिषद



दिल्ली छावनी ने देश की सबसे स्वच्छ छावनियों में से एक के रूप में अपना स्थान बनाया है। घर-घर जाकर कचरे के संग्रहण और स्रोत पर ही कचरे के पृथकीकरण की व्यवस्था की गई है। जीपीएस ट्रैकिंग से लैस 50 से अधिक वाहनों के बेड़े के साथ, सीवर, नाले की सफाई और मुख्य सड़क की सफाई पूरी तरह से यंत्रीकृत है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और कचरे की अनधिकृत डंपिंग को रोकने के लिए 48 सीसीटीवी कैमरे संवेदनशील स्थानों पर लगाए गए है। 23 उद्यान, 63 ओपन एयर जिम और मुख्य सड़कों के किनारे 51.6 किलोमीटर की हरित पट्टी भी विकसित की गई है, साथ ही झरेरा तालाब को नागरिकों के लिए सुरम्य स्थल के रूप में फिर से जीवंत किया गया है।

सभी छावनी निधि भवनों और 33 किमी सड़कों के किनारे वर्षा जल संचयन की व्यवस्था है एवं 16 आधुनिक स्मार्ट शौचालय प्रारम्भ किए गए हैं । इसके अतिरिक्त, सफाईमित्र पुरस्कारों का प्रावधान किया गया है एवं सभी सफाई कर्मचारियों हेतु जीवन बीमा उपलब्ध कराया गया है।

दिल्ली छावनी परिषद को ODF++ और GFC का दर्जा प्राप्त है। देश में रहने के लिए सबसे स्वच्छ स्थानों में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए दिल्ली छावनी बोर्ड प्रतिबद्ध है।




## Swachha Chhawani Swastha Chhawani- Delhi Cantonment Board




Delhi Cantonment has marked its place as one of the cleanest Cantonments in the Country. Door-to-door collection of waste and source segregation is in place. With a fleet of over 50 vehicles fitted with GPS tracking, Sewer, nallah cleaning and main road brooming are completely mechanised. Single use plastic has been banned and 48 CCTV cameras are placed at vulnerable points to prevent unauthorized dumping of garbage or C&D waste. 23 parks and gardens, 63 open air gyms and 51.6 km of Green belts along main roads have been developed. Jharera pond has been rejuvenated from being a cesspool to picturesque hangout for citizens.


Rain water harvesting done in all Cantt Fund buildings and along 33 km of roads. 16 modern smart toilets were commissioned. Safaimitra awards have been instituted. Life insurance cover is provided to all Safai Karmacharis.

DCB has ODF++ and GFC status. Delhi Cantonment Board is committed to maintain its position among the cleanest places to live in the country.




**Environmental initiatives**

# डिजिटल क्षेत्र मे उपलब्धियाँ - रक्षा सम्पदा कार्यालय , दिल्ली मण्डल




रक्षा संपदा कार्यालय, दिल्ली मण्डल द्वारा डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत कुशल, तेज, सरल, पारदर्शी कार्य व्यवहार हेतु तथा साथ ही साथ कर्मचारियों को कार्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी के आयामों के बारे में जागरूक करने हेतु आंतरिक रूप से डाक प्रबंधन प्रणाली (DMS), फाइल प्रबंधन प्रणाली (FMS) तथा पे रोल प्रबंधन (PRMS) जैसे सॉफ्टवेयर विकसित किए गए हैं।

- डाक प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से पत्रों की निगरानी, निष्पादन तथा जवाबदेयता सुनिश्चित करने तथा कार्यालय के विभिन्न अनुभागों में मानवसंसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।
- फाइल प्रबंधन प्रणाली से कार्यालय में वर्तमान तथा बंद फाइलों की ट्रैकिंग, रख-रखाव की स्थिति एवं साथ ही साथ फाइलों के डिजिटलाइजेशन के संबंध में भी सहायता मिलेगी।
- पे रोल प्रबंधन प्रणाली के द्वारा कर्मचारियों के पे बिल, पे स्लिप बनाने तथा वार्षिक वेतन रिकॉर्ड व्यवस्थित करने में सहायता मिलेगी।






# Digital Accomplishments- DEO, Delhi Circle



DEO Delhi Circle has internally developed DAK Management system (DMS), File Management system (FMS) and Pay Roll Management System (PRMS) under initiative of Digital India for efficient, fast, simple, transparent functioning of office, as well as to facilitate employees to adopt information technology.

- DMS assist tracking, disposal, fixing accountability and understanding human resource requirements of different sections in the office.
- FMS help out in tracking location of current/ closed files in the office as well as status of digitization of files.
- PRMS aid in generating the pay bills, pay slips and maintaining annual salary record of all employees.





# सार्वजनिक सेवाओ मे नवीन प्रक्रिया – नैनीताल छावनी परिषद



छावनी परिषद नैनीताल स्वच्छता के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और इसलिए पूरी स्वच्छता प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है । एक गैर सरकारी संस्था स्त्री मुक्ति संगठन (एसएमएस), और रेसिटी नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड समर्थित हिलदारी अभियान के सहयोग से छावनी परिषद द्वारा एक ऑनलाइन रीयल टाइम मॉनिटरिंग डैशबोर्ड विकसित किया गया है। यह पहल हमारे माननीय प्रधान मंत्री द्वारा भारतीयों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और डिजिटल माध्यम से जीवन को बदलने के आह्वान के अनुरूप है। छावनी क्षेत्र के सभी घरों का सर्वेक्षण और मैपिंग कर उन्हें क्यूआर कोड के रूप में विशिष्ट आईडी प्रदान की गई है । कचरा संग्रहकर्ताओं द्वारा जानकारी भरने के लिए सफाईमित्रों को भी एप्लिकेशन इंस्टॉल किए गए मोबाइल फोन विशिष्ट आईडी के साथ वितरित किए गए हैं, जो अंततः डैशबोर्ड में दर्शित होती है ।

इस डिजिटल नवाचार से जो लाभ प्राप्त हुए हैं, वे हैं- 1. स्वच्छता कर्मचारियों का डिजिटल सशक्तिकरण। 2. संपूर्ण स्वच्छता प्रक्रिया का वस्तुनिष्ठ वास्तविक समय मूल्यांकन। 3. नागरिकों को सेवा वितरण की गुणवत्ता में सुधार 4. नागरिक समाज और सरकार के बीच बेहतर सहयोग।






कूड़ा निस्तारण में प्रयोग होने वाली तकनीक की दी जानकारी

■ छावनी परिषद व नेस्ले समर्थित हिलदारी अभियान ने आयोजित किया कार्यक्रम

## Innovation in Public Service- Nainital Cantonment Board



Cantonment Board Nainital is committed towards cleanliness and has therefore employed digital technology to streamline its whole sanitation process. An online real time monitoring dashboard has been developed by the Cantonment Board in association with the Stree Mukti Sangathna(SMS),an NGO and Recity Network Pvt Ltd backed Hilldari Abhiyan. This initiative aligns with the call of our Hon'ble Prime Minister to empower Indians digitally and transform lives through digital interventions. All the households in the Cantonment were surveyed, mapped and provided with the specific IDs in the form of QR codes. Also, each Safaimitra has been provided with unique IDs to monitor their performance digitally. Mobile phones with application installed have been distributed to Safaimitras to fill the information by the garbage collectors which ultimately reflects in the dashboard.

The benefits that we've been able to generate from this digital intervention are- 1. Digital empowerment of sanitary workers. 2. Objective real time assessment of whole sanitation process. 3. Improvement in quality of service delivery to citizens 4. Great collaboration between civil society and government.






## भूमि एवं अभिलेख प्रबंधन – रक्षा सम्पदा कार्यालय , पुणे



रक्षा संपदा कार्यालय पुणे मण्डल के अंतर्गत 78608 एकड़ (लगभग) अधिग्रहीत और किराए की भूमि है जो महाराष्ट्र के आठ जिलों में पांच छावनियों पुणे, किरकी, देहुरोड, अहमदनगर और औरंगाबाद मे फैली हुई हैं। इसके अलावा, मिलिटरी फार्म विभाग को बंद करने पर डीईओ पुणे मण्डल द्वारा लगभग 3150 एकड़ क्षेत्र का भी अधिग्रहण किया गया है। वर्ष 2020 और 2021 में राज्य के राजस्व प्रतिनिधियों के सहयोग से नवीनतम सर्वेक्षण उपकरणों जैसे डीजीपीएस और ईटीएस द्वारा रक्षा भूमि का सर्वेक्षण किया गया । यह कार्य असमान और उच्च भूभाग वाले चुनौतीपूर्ण स्थानों पर बहुत भारी बारिश के मौसम के दौरान किया गया, जैसे आईएनएस शिवाजी लोनावाला, जो नौसेना का एक प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठान है।

इस कार्यालय ने डाक प्रबंधन, अभिलेख कक्ष सूचीकरण, फाइलों की स्कैनिंग और सूचीकरण को भी समयबद्ध तरीके से लागू किया है।






# Land and Record Management- DEO, Pune Circle




Defence Estates Office Pune Circle is holding (approx) 78608 acres of acquired & hired land and covering defence land in eight Districts of Maharashtra with five cantonments i.e. Pune, Kirkee, Dehuroad, Ahmednagar and Aurangabad. Besides this, an area of almost 3150 acres comprising military farms has also been taken over by the DEO Pune Circle on closure of the Military Farms Dept. The Survey of Defence land has been conducted in association with state revenue representatives in the years 2020 and 2021 using the latest survey equipments i.e. DGPS and ETS. The task was completed at challenging locations involving uneven and high terrain, and during very heavy rainy season at locations such as INS Shivaji Lonavala, a premier training establishment of the Navy.

This office has also implemented dak management, record room inventorisation and scanning & inventorisation of files in a timely manner.





# छावनी सामान्य अस्पतालो मे सुधार – पुणे छावनी परिषद




20 आईसीयू बेड के साथ पुणे छावनी बोर्ड एक 120 बिस्तरों वाले अस्पताल का संचालन करता है जिसमें सर्जरी, हड्डी रोग, रेडियोलॉजी, बाल रोग, नेत्र विज्ञान, ईएनटी, त्वचा, यूरो सर्जरी, न्यूरो सर्जरी आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। कोविड लहर के दौरान महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए, राज्य आपदा राहत कोष से प्राप्त अंशदान के माध्यम से 20 वेंटिलेटर के साथ 20 बिस्तरों वाले आईसीयू की स्थापना करके छावनी सामान्य अस्पताल को स्पेशलिटी और क्रिटिकल केयर अस्पताल में अपग्रेड किया गया है। बोर्ड ने 5.50 करोड़ रुपए के सीएसआर अंशदान के माध्यम से 75 बिस्तरों वाला प्रसूति वार्ड भवन तैयार किया है । इसके अतिरिक्त, कोरोना की संभावित तीसरी लहर का मुकाबला करने के लिए सीएसआर और पीएम केयर्स अंशदान के माध्यम से 1100 एलपीएम की कुल क्षमता के साथ 13 केएल मेडिकल ऑक्सीजन स्टोरेज टैंक और 03 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किए हैं। साथ ही, ऑप्थेल्मिक ऑपरेशन थिएटर सहित चार मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर भी 1.20 करोड़ रुपए (सीएसआर योगदान) के माध्यम से स्थापित किए जा रहे हैं।

प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) और महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना (एमजेपीजेएवाई) भी छावनी सामान्य अस्पताल में संचालित है, जिसने योजनाओं के तहत आने वाली बीमारियों के लिए मुफ्त उपचार प्रदान किया है। अपने 06 क्षेत्रीय केंद्रों के साथ अस्पताल ने कोविड टीकाकरण केंद्र के रूप में नामित होकर, 57343 खुराक का प्रबंध किया है।





# Improvement in Cantonment General Hospital- Pune Cantonment Board



The Board maintains a 120 bedded Hospital including 20 ICU beds with Specialists from Medicine, Surgery, Orthopedic, Radiology, Pediatrics, Opthalmology, ENT, Skin, Uro Surgery, Neuro Surgery etc. To provide critical health care services during Covid wave, Cantonment General Hospital has been upgraded to Speciality & Critical Care Hospital by setting up 20 Bedded ICU with 20 Ventilators through funds received from State Disaster Relief Fund. The Board has completed construction of 75 Bedded Maternity Ward Building (Mother & Child Covid Care Centre) through CSR Contribution at a total cost of Rs. 5.50 crores. To counter the possible third wave, the Board has set up 13 KL Medical Oxygen Storage Tank & 03 PSA Oxygen Plants with total capacity of 1100 LPM through PM Cares & CSR. Further, Four Modular Operation Theatres including Opthalmic Operation Theatre is also being set up through CSR contribution of Rs. 1.20 cr.

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (PMJAY) & Mahatma Jyotiba Phule Jan Arogya Yojana (MJPJAY) is operational in Cantonment General Hospital which has provided free treatment for diseases covered under the Schemes. The Hospital alongwith its 06 Peripheral Centres are designated as Covid Vaccination Centre & have administered 57343 doses.





## ई-छावनी परियोजना का कार्यान्वयन – कसौली छावनी परिषद




ई-छावनी पोर्टल का उद्देश्य ऑनलाइन सेवाएं जैसे व्यापार लाइसेंस देना, पट्टों का नवीनीकरण, पानी और सीवरेज कनेक्शन, सामुदायिक हॉल बुकिंग, पानी के टैंकर की बुकिंग, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना, छावनी अस्पतालों में ओपीडी में मिलने का समय निश्चित करना, करों को ऑनलाइन जमा करना, शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज व ट्रैक करना और अन्य संबंधित नगरपालिका सेवाएं इत्यादि प्रदान करना है ।

कसौली छावनी बोर्ड को प्रारंभ में खराब नेटवर्क, सैन्य क्षेत्रों में जैमर का होना, लोगों के बीच डिजिटल जागरूकता की कमी आदि के कारण ई-छावनी पोर्टल के कार्यान्वयन में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ा। इन चुनौतियों को दूर करने और निवासियों के बीच ई-छावनी पोर्टल के उपयोग और इसकी उपदेयता को बढ़ाने के लिए कसौली छावनी बोर्ड ने निवासियों को जागरूक करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जैसे जागरूकता रैलियां करना, घर-घर संपर्क अभियान चलाना, समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित करना, सार्वजनिक नोटिस, बैनर लगाना, एसएमएस और सोशल मीडिया आदि के माध्यम से जागरूकता फैलाना इत्यादि। विभिन्न गैर-करों पर ऑनलाइन भुगतान के लिए 2% (केवल स्वयं सेवा मोड द्वारा) और जल कर के ऑनलाइन भुगतान पर 2% छूट जैसे वित्तीय प्रोत्साहन भी शुरू किए गए हैं।






# Implementation of e-Chhawani Project- Kasauli Cantonment Board




E-Chhawani portal aims to provide online services like grant of trade licences, renewal of leases, water and sewerage connections, community hall booking, water tanker booking, issuing of births and deaths certificates, OPD appointments, online deposit of taxes and fees, lodging and tracking of grievances and other related municipal services.

Kasauli Cantonment Board initially faced various problems in implementation of e-Chhawani portal due to poor network conditions, Jammers placed in army areas, digital illiteracy among people etc. To overcome these challenges and in order to increase the use of e-Chhawani portal among the residents, Kasauli Cantonment Board conducted various awareness programmes to sensitize the residents like awareness rallies and door-to-door campaigns, publishing newspapers ads, putting public notices, banners, spreading awareness through SMS and whatsapp messages, etc. Besides financial incentives like rebate of 2% for online payments on various non-taxes, fees paid through the portal (by self-service mode only) and 2% rebate on online payment on water tax is also started.


PUBLIC NOTICE




# 'ई-छावनी' के अंतर्गत जीआईएस आधारित जल पाइपलाइन प्रणाली




इस मॉड्यूल में जल कनेक्शन प्रदान करने के लिए निर्णय लेने हेतु जीआईएस आधारित सूचना प्रौद्यिगिकी का उपयोग किया जाता है। इस एप्लिकेशन को प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से मंजूरी प्रक्रिया की समय अवधि को कम करने के लिए बीआईएसएजी द्वारा विकसित किया गया है। यह तकनीक एक पथप्रदर्शक तकनीक है और इसे आज तक किसी भी नगर निकाय द्वारा नहीं अपनाया गया है। यह पूरी तरह से "न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन" की अवधारणा को सार्थक करता है क्योंकि जल कनेक्शन की मंजूरी के लिए मैन्युअल हस्तक्षेप को समाप्त कर दिया गया है।

एप्लिकेशन स्वचालित रूप से निकटतम पानी की पाइप लाइन को निर्धारित करता है और मानचित्र पर निवासियों द्वारा चुने गए स्थान, पानी के उपयोग और पाइप के आकार के आधार पर स्थापना शुल्क की गणना करता है।

यह एप्लिकेशन नागरिकों और छावनी परिषदों दोनों के लिए सुविधाजनक है क्योंकि यह मंजूरी प्रक्रिया को सरल बनाता है जिससे समय और ऊर्जा की बचत होती है। बीआईएसएजी ने जीआईएस मॉड्यूल पूरा कर लिया है। वर्तमान में, ई-छावनी पोर्टल के साथ बीआईएसएजी मॉड्यूल का एकीकरण बीईएल द्वारा किया जा रहा है।



# GIS based water pipeline system including water carrying capacity developed under e-Chhawani





This module uses GIS based information technology for decision making for providing water connections. This application is developed by BISAG to reduce the time duration of the approval process through the use of technology. This technique is a pioneering technique and has not been adopted by any municipal body till date. It fully embodies the concept of "Minimum Government, Maximum Governance" as manual intervention for approval of water connections has been eliminated.

The application automatically determines the nearest water pipe line and calculates the installation charges based on the location selected by the residents on the map, water usage and pipe size.


This application is convenient for both the citizens and Cantonment Boards as it simplifies the sanctioning procedure thereby saving the time and efforts. BISAG has completed the GIS module. Presently, the integration of BISAG module with e-Chhawani Portal is being done by BEL.

Water Supply Module - **Automized Water Supply (Tap water) Connection Module**



# ई-छावनी

माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने दिनांक 16 फरवरी, 2021 को नई दिल्ली में ई-छावनी पोर्टल एवं मोबाइल एप लॉन्च किया । देश भर में 62 छावनी बोर्डों के 20 लाख से अधिक निवासियों को ऑनलाइन नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लिए पोर्टल (https://echhawani.gov.in/) बनाया गया है। पोर्टल के माध्यम से छावनी क्षेत्रों के निवासी बटन के सिर्फ एक क्लिक के साथ पट्टों के नवीकरण, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन, पानी और सीवरेज कनेक्शन, ट्रेड लाइसेंस, मोबाइल टॉयलेट लोकेटर, विभिन्न प्रकार के करों और शुल्कों के भुगतान, ऑनलाइन सामुदायिक हॉल बुकिंग और ऑनलाइन पानी के टैंकर बुकिंग जैसी बुनियादी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं । ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अनुमोदन सुविधा, ऑनलाइन दुकान किराया संग्रह, स्कूल प्रवेश और शुल्क भुगतान को निकट भविष्य में ई-छावनी में सम्मिलित करके छावनी बोर्ड द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य सेवाओं का विस्तारण किया जायेगा। ई-छावनी पोर्टल 8 अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध है, जैसे हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, बंगाली, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और तमिल।




ई- छावनी पोर्टल - नागरिक इंटरफेस

उन नागरिकों को जो ई- छावनी पोर्टल के माध्यम से स्वयं सेवा का लाभ उठा रहे हैं, उन्हें छावनी परिषदों द्वारा प्रोत्साहित करने के लिए पृथक से लाभ दिया जा रहा है। छावनी परिषदों द्वारा छावनी क्षेत्रों में रहने वाले उन बुजुर्ग लोगों को घर-घर सेवाएं प्रदान करने के लिए मोबाइल हेल्पडेस्क सेवाएं भी शुरू की गई हैं, जिनके पास कंप्यूटर या सेल फोन नहीं है या जो इस प्रक्रिया से परिचित नहीं हैं ।



जागरूकता अभियान




प्रोत्साहन के प्रति जागरूकता के लिए बैनर

## eChhawani

Hon'ble Raksha Mantri Shri Rajnath Singh launched eChhawani portal and mobile app in New Delhi on February 16, 2021. The portal (https://echhawani.gov.in/) has been created to provide online civic services to over 20 lakh residents of 62 Cantonment Boards across the country. Through the portal, the residents of Cantonment areas will be able to avail basic services like renewal of leases, application for birth & death certificates, water & sewerage connections, trade licences, mobile toilet locators and payment of different types of taxes and fees, Online Community hall Booking, Online Water Tanker Booking, etc. with just a click of a button. Other civic services provided by Cantonment Boards will be extended in eChhawani by the inclusion of online building plan approval facility, online shop rent collection, school admission and fee payment etc. in the near future. eChhawani Portal is available in 8 different languages namely, Hindi, English, Marathi, Bengali, Kannada, Telugu, Malayalam and Tamil.



Launch of eChhawani Portal by Hon'ble Raksha Mantri on 16/02/2021

The Cantonment Boards have also provided incentives to the citizens who are availing service via self-service mode through eChhawani Portal. The Mobile Helpdesk services have also been started by the Cantonment Boards to provide door step services to elderly people residing in Cantonment areas who may not be conversant or have access to a computer or cell phone.



Door step service to the elderly people




Banner placed for awareness of Incentives

रक्षा सम्पदा संगठन
Defence Estates Organisation

आज़ादी का अमृत महोत्सव




*रक्षा सम्पदा महानिदेशालय, रक्षा सम्पदा भवन*

*Directorate General Defence Estates, Raksha Sampada Bhawan*

https://www.dgde.gov.in

# रक्षा सम्पदा महानिदेशालय

# DIRECTORATE GENERAL DEFENCE ESTATES